5. किसी सरकारी कर्मचारी के लापता होने या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के सेवानिवृत्ति उपदान प्राप्त किए बिना लापता होने की दशा में, सेवानिवृत्ति उपदान की रकम सेवानिवृत्ति के पश्चात्, सेवानिवृत्ति उपदान प्राप्त किए बिना ही दिवंगत होने वाले सरकारी कर्मचारी की दशा में यथालागू रीति से तथा पात्रता शर्तों के अध्यधीन, कुटुंब के किसी सदस्य या सदस्यों को देय होगी।

6. कुटुंब पेंशन और उपदान के भुगतान के लिए दावे, कुटुंब पेंशन के लिए कुटुंब के पात्र सदस्य या सदस्यों और नामनिर्देशितियों अथवा उपदान की रकम प्राप्त करने के लिए पात्र कुटुंब के सदस्यों द्वारा, संबंधित पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट या दैनिक डायरी प्रविष्टि या सामान्य डायरी प्रविष्टि के रूप में रिपोर्ट दर्ज करने के पश्चात् कार्यालय अध्यक्ष को प्रस्तुत किए जाएंगे। दावों के साथ फॉर्मेट 8 में एक क्षतिपूर्ति बॉन्ड सहित संबंधित पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई रिपोर्ट और पुलिस से प्राप्त इस आशय की रिपोर्ट कि इस विषय में किए गए सभी प्रयासों के बावजूद सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी का पता नहीं लगाया जा सका, प्रत्येक की प्रति संलग्न होगी।

7. कुटुंब पेंशन, (सेवानिवृत्ति उपदान का रकम और बकाया कुटुंब पेंशन सहित) का भुगतान, संबंधित पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की तारीख से छह मास की अवधि बीतने से पूर्व नहीं किया जाएगा।

8. नियम 15 के उप-नियम (1) के खंड (क) में निर्दिष्ट सरकारी कर्मचारी की दशा में, सरकारी कर्मचारी की मृत्यु की पूर्णत: पुष्टि के पश्चात् या पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराने की तारीख से सात वर्ष की अवधि के अवसान पर, जो भी पहले हो, मृत्यु उपदान देय होगा। मृत्यु उपदान और सेवानिवृत्ति उपदान की रकम के बीच के अंतर का भुगतान, मृत्यु उपदान और सेवानिवृत्ति उपदान की रकम के बीच के अंतर के लिए दावा प्रस्तुत करने की तारीख से तीन मास के भीतर, इन नियमों के अनुसार मृत्यु उपदान के भुगतान के लिए पात्र व्यक्ति या व्यक्तियों को संदत्त होगा।

9. कुटुंब पेंशन और सेवानिवृत्ति उपदान के अतिरिक्त, सरकारी कर्मचारी का कुटुंब, सरकारी कर्मचारी, जिसकी मृत्यु सेवा के दौरान हुई हो, को यथालागू नियमों के अनुसार वेतन और भत्तों या अवकाश वेतन के बकायों, यदि कोई हो, अवकाश वेतन के समतुल्य नकद, सरकारी कर्मचारी के सामान्य भविष्य निधि खाते में उपलब्ध रकम भी प्राप्त करने का हकदार होगा।

10. उपर्युक्त उपबंध ऐसे सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी की दशा में लागू नहीं होंगे जो लापता हो गया हो और जिसके विरुद्ध धोखाधड़ी या गबन या किसी अन्य अपराध के आरोप की जांच चल रही हो या जिस पर ऐसे अपराधों का आरोप लगा हो या दोषसिद्ध किया गया हो।

11. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन लापता सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी के कुटुंब को कुटुंब पेंशन, उपदान, आदि की मंजूरी से संबंधित उपर्युक्त उपबंधों का, सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Provisions regarding grant of family pension, gratuity, etc. to family of a missing Government servant or pensioner or family pensioner under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.

2. In accordance with Rule 51 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, in the case of a Government servant or a pensioner or a family pensioner, who goes missing, family pension is payable to a member or members of the family. On disappearance of a Government servant while in service, family pension (including enhanced family pension) is payable from the date following the date upto which leave was sanctioned to the Government servant before he went missing or from the date upto which pay and allowances have been paid to the Government servant or from the date on which a report has been lodged with the concerned Police Station in the form of First Information Report or a Daily Diary Entry or a General Diary Entry, whichever is the latest.

3. In the case of a pensioner who goes missing, family pension (including enhanced family pension, where applicable) is payable from the date following the date upto which pension has been paid to the pensioner who went missing or from the date on which a report was lodged with the concerned Police Station in the form of First Information Report or a Daily Diary Entry or a General Diary Entry, whichever is later.

4. In the case of a family pensioner who goes missing, family pension shall be payable from the date following the date upto which family pension has been paid to the family pensioner before he went missing or from the date on which a report was lodged with the concerned Police Station in the form of First Information Report or a Daily Diary Entry or a General Diary Entry, whichever is later.

5. In the case of a Government servant who goes missing or a retired Government servant who goes missing without receiving the retirement gratuity shall be payable to a member or members of the family in the manner and subject to the conditions applicable in the case of a Government servant who dies after retirement without receiving the retirement gratuity.

6. The claims for payment of family pension and gratuity are required to be submitted to the Head of Office by the member or members of the family eligible for family pension and nominees or members of family eligible to receive the amount of gratuity, after a report has been lodged with the concerned Police Station in the form of a First Information Report or a Daily Diary Entry or a General Diary Entry. The claims shall be accompanied by an Indemnity Bond in Format 8 along with a copy each of the report lodged with the concerned Police Station and the report obtained from the police to the effect that the Government servant or pensioner or family pensioner could not be traced so far despite all efforts made in that regard.

7. The payment of family pension (including the arrears of family pension and the amount of retirement gratuity) shall not be made before the expiry of a period of six months from the date of lodging of report with the concerned Police Station.

8. In the case of a Government servant referred to in clause (a) of sub-rule (1) of Rule 51, death gratuity shall become payable after the death of the Government servant is conclusively established or on expiry of a period of seven years from the date of lodging of the report with the police, whichever is earlier. The difference between the amount of death gratuity and retirement gratuity shall be paid to the person or persons eligible for payment of death gratuity in accordance with these rules, not later than three months from the date of submission of claim for difference between the amount of death gratuity and retirement gratuity.

9. In addition to the family pension and retirement gratuity, the family of the Government servant shall also be entitled to receive arrears of pay and allowances or leave salary, if any, cash equivalent to leave salary and amount available in the General Provident Fund Account of the Government servant in accordance with the rules as applicable to a Government servant who dies during service.

10. The above provisions are not applicable in the case of a Government servant or a pensioner or a family pensioner who disappears and against whom allegation of fraud or embezzlement or any other crime is under investigation or who has been charged or convicted for such crimes.

11. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding grant of family pension, gratuity, etc. to family of a missing Government servant or pensioner or family pensioner under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं. 57/03/2022-पी&पीडब्ल्यू(बी)/8361

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 27 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की बाबत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत संचित पेंशन कॉर्पस से हितलाभों और उपदान पर अनुशासनिक कार्यवाहियों के प्रभाव से संबंधित उपबंध।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की सेवा संबंधी मामलों को शासित करने के लिए और उपदान की मंजूरी के लिए क्रमशः केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 और केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 के नियम 19 में प्रावधान है कि विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां, जो अभिदाता के सेवा में रहने के दौरान संस्थित की गई थी, किंतु सेवानिवृत्ति से पूर्व समाप्त नहीं हुई थी या अभिदाता की सेवानिवृत्ति के पश्चात् संस्थित न्यायिक कार्यवाहियों से, अभिदाता को उसके संचित पेंशन कॉर्पस में से संदेय हितलाभों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और उसे प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित विनियमों के अनुसार अधिवर्षिता पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से अभिदाता के निकासी के मामले में यथास्वीकार्य उसके संचित पेंशन कॉर्पस में से एकमुश्त और वार्षिकी का संदाय किया जाएगा।

3. इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियमावली, 2021 के नियम 5 के अनुसार, यदि सरकारी कर्मचारी के सेवा में रहते हुए संस्थित किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों में, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को गंभीर कदाचार या उपेक्षा का दोषी पाया जाता है, उसके उपदान को पूर्णतः या आंशिक रूप से रोका जा सकता है, और सरकार को कारित किसी भी आर्थिक क्षति की उपदान से पूर्णतः या आंशिक रूप से वसूली का आदेश दिया जा सकता है।

जादी.

4. सरकारी सेवक की सेवानिवृत्ति के पश्चात्, विभागीय कार्यवाहियां केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियमावली, 2021 के नियम 5 के तहत की कार्यवाहियां मानी जाएगी और उस प्राधिकारी द्वारा उसी प्रकार जारी रखी जाएगी और समाप्त की जाएगी जैसे सरकारी कर्मचारी के सेवा में रहते हुए होता। विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों की समाप्ति और उस पर अंतिम आदेशों के जारी होने तक सरकारी कर्मचारी को कोई उपदान देय नहीं होगा।

5. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की बाबत अनुशासनिक कार्यवाहियों के संबंध में उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(एस. चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन
(मानक सूची के अनुसार)

No. - 57/03/2022-P&PW(B)/8361
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***
3rd Floor, Lok Nayak Bhavan, Khan Market,
New Delhi, Dated the 27th October, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Provisions relating to effect of disciplinary proceedings on the benefits from accumulated pension corpus under National Pension System and gratuity in respect to Central Government employees covered under NPS.

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Implementation of National Pension System) Rules, 2021 and Central Civil Services (Payment of Gratuity under National Pension System) Rules, 2021 which are applicable from the date of its publication in the Official Gazette, to govern service related matters and for grant of gratuity respectively to Central Government civil employees covered under National Pension System.

2. Rule 19 of Central Civil Services (Implementation of NPS) Rules, 2021 provides that the Departmental or judicial proceedings, which were instituted while the Subscriber was in service but are not concluded before retirement or the judicial proceedings instituted after retirement of the Subscriber, shall not affect the benefits payable to the Subscriber out of his accumulated pension corpus and the lump sum and the annuity out of his accumulated pension corpus shall be paid to him in accordance with the regulations notified by the Authority as admissible in the case of exit of a Subscriber from the National Pension System on superannuation.

3. Further, as per Rule 5 of the Central Civil Services (Payment of Gratuity under National Pension System) Rules, 2021 that if, in any departmental or judicial proceedings instituted while the Government servant was in service, the retired Government servant is found guilty of grave misconduct or negligence, his gratuity may be withheld either in full or in part, and recovery may be ordered from gratuity of the whole or part of any pecuniary loss caused to the Government.

4. After the retirement of the Government servant, the departmental proceedings shall be deemed to be proceedings under rule 5 of the Central Civil Services (Payment of Gratuity under National Pension System) Rules, 2021 and shall be continued and concluded by the authority by which they were commenced in the same manner as if the Government servant had continued in service. No gratuity shall be payable to the Government servant until the conclusion of the departmental or judicial proceedings and issue of final orders thereon.

Contd...2/..

5. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding disciplinary proceeding in respect to Central Government employees covered under National Pension System may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(S. Chakrabarti)
Under Secretary to the Government of India

To

All Ministries/Departments/Organisations,
(As per standard list)

सं.-11/(15)/2022-पी&पीडब्ल्यू(एच)-8363(1)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

8वीं मंजिल 'बी' विंग, जनपथ भवन
जनपथ, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 28 अक्टूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: किसी सरकारी कर्मचारी के अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने पर पेंशन और उपदान प्राधिकृत करने की प्रक्रिया में विभिन्न कार्यकलापों को पूरा करने की समय-सीमा।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का अध्याय X किसी सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति होने पर पेंशन और उपदान की रकम अवधारित करने और उसे प्राधिकृत करने की प्रक्रिया से संबंधित है।

2. पेंशन और उपदान प्राधिकृत करने की प्रक्रिया में विभिन्न कार्यालयों/प्राधिकारियों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यकलाप सम्मिलित हैं। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 में इनमें से प्रत्येक कार्यकलाप को पूरा करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसमें सम्मिलित कार्यालयों/प्राधिकरणों का ब्यौरा, प्रत्येक कार्यालयों/प्राधिकारियों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई और इन कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा का सारांश नीचे दिया गया है:

क. सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों की सूची की तैयारी- नियम 54 के अनुसार, प्रत्येक विभागाध्यक्ष (एचओडी) को प्रत्येक मास के 15वें दिन तक ऐसे सभी सरकारी कर्मचारियों की सूची तैयार करनी अपेक्षित होती है, जो उस तारीख से अगले पंद्रह मास के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

ख. "बेबाकी प्रमाणपत्र" जारी करने के बारे में संपदा निदेशालय को प्रज्ञापना- नियम 55 के अनुसार, सरकारी कर्मचारी से उसकी सेवानिवृत्ति से कम से कम एक वर्ष पूर्व सरकारी आवास के संबंध में पूर्ण ब्यौरा प्राप्त किया जाना अपेक्षित है और यह ब्यौरा सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति से आठ मास पूर्व की अवधि के बाबत "बेबाकी प्रमाणपत्र" जारी करने के लिए संपदा निदेशालय को 10 दिनों के भीतर भेजें। यदि सरकारी कर्मचारी के कब्जे में कोई आवासीय आवास नहीं है/था, तो कार्यालय अध्यक्ष इस संबंध में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त घोषणापत्र के आधार पर और रिकॉर्ड के सत्यापन करने के पश्चात "बेबाकी प्रमाणपत्र" जारी करेगा और ऐसी दशा में 'संपदा निदेशालय से पृथक "बेबाकी प्रमाणपत्र" प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

ग. पेंशन मामले के प्रक्रमण की तैयारी- सेवानिवृत्ति से पूर्व एक वर्ष की अवधि के दौरान अधिवर्षिता पर पेंशन के मामले पर कार्रवाई संबंधी प्रारंभिक कार्य के लिए नियम 56 और 57 में विस्तृत प्रक्रिया दी गई है। इसमें सेवा का सत्यापन, सेवा पुस्तिका के लोपों की पूर्ति, त्रुटियों या कमियों को दूर करना सम्मिलित है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवा के अंतिम दस मास की परिलब्धियां सेवा पुस्तिका में ठीक प्रकार से दर्शाई गई हैं, कार्यालय अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व केवल चौबीस मास की अवधि की परिलब्धियों की शुद्धता का सत्यापन करेगा और उस तारीख से पूर्व किसी अवधि के बारे में नहीं।

सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से कम से कम आठ मास पूर्व, कार्यालय अध्यक्ष सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को अर्हक सेवाकाल और सेवानिवृत्ति उपदान तथा पेंशन की संगणना के लिए परिलब्धियों/औसत परिलब्धियों के संबंध में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा और सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को अपेक्षित पेंशन प्ररूप जमा करने/भरने का सुझाव देगा।

सरकारी कर्मचारी भरे हुए प्ररूप को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से छह मास पूर्व जमा करेगा।

घ. पेंशन मामले को पूरा करना- कार्यालय अध्यक्ष द्वारा पेंशन कागजातों (अर्थात प्ररूप 7) को पूरा करने के लिए विस्तृत प्रक्रिया नियम 59 और 60 में दी गई है। कार्यालय अध्यक्ष पेंशन मामले को फॉर्मेट 10 में सहपत्र सहित सरकारी कर्मचारी से पेंशन प्ररूप प्राप्त होने की तिथि से दो माह के भीतर वेतन और लेखा कार्यालय को प्रेषित करेगा।

ङ. पेंशन और उपदान का लेखा अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जाना- पेंशन मामला प्राप्त होने पर लेखा अधिकारी अपेक्षित जांच पड़ताल करेगा और अधिवर्षिता के आयु प्राप्त करने पर सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से दो मास पूर्व पेंशन संदाय आदेश जारी करेगा। लेखा अधिकारी पीपीओ में कुटुंब पेंशनभोगी के रूप में सरकारी कर्मचारी के पति/पत्नी, यदि जीवित हों, का नाम उपदर्शित करेगा। लेखा अधिकारी कुटुंब पेंशनभोगी के रूप में स्थायी रूप से नि:शक्त बच्चे या बच्चों तथा आश्रित माता-पिता और नि:शक्त सहोदरों के नाम भी पीपीओ में उपदर्शित करेगा, यदि कुटुंब में ऐसे नि:शक्त बच्चे या बच्चों तथा आश्रित माता-पिता या नि:शक्त सहोदरों से पूर्व कुटुंब पेंशन देने के लिए कोई अन्य सदस्य नहीं हो।

च. विशेष प्राधिकार मोहर जारी करना और पेंशन का संवितरण - लेखा अधिकारी, पेंशन संदाय आदेश की एक प्रति केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय को एक विशेष प्राधिकार मोहर जारी करने के लिए कार्यालय अध्यक्ष से पेंशन पत्रों के प्राप्त होने की तारीख से दो मास के भीतर अग्रेषित करेगा। सीपीएओ एक विशेष प्राधिकार मोहर जारी करेगा और पेंशन संदाय आदेश की प्राप्त होने की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर पेंशन संदाय आदेश की प्रति के साथ पेंशन संवितरण प्राधिकरण को अग्रेषित करेगा। पेंशन संवितरण प्राधिकारी जिस तारीख से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को पेंशन देय हो, उस तारीख से उसे संवितरित करने के लिए कार्रवाई करेगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन पत्रों पर कार्रवाई करने की समय-सीमा से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालयों/विभागों और उनके अधीन संलग्न/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(अशोक कुमार सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन: 23310108

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

सं. 11(15)/2022-P&PW(H)-8363 (1)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

8वीं मंजिल 'बी' विंग, जनपथ भवन
जनपथ, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 28 अक्टूबर, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Sub: Timelines for completion of various activities in the process of authorisation of pension and gratuity on retirement on superannuation of a Government servant.

The undersigned is directed to say that Department of Pension & Pensioners Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Chapter X of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with the procedure for determination and authorisation of the amounts of pension and gratuity on retirement of a Government servant.

2. The process of authorisation of pension and gratuity involves various activities to be performed by different offices/authorities. Timelines have been prescribed in the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 for completion of each of these activities. The details of the offices/authorities involved, the action to be taken by each of these offices/authorities and the timeline for completing these actions are summarised below:

A. Preparation of list of Government servants due for retirement- As per Rule 54, every Head of Department (HOD) is required to have a list prepared by 15th day of every month, of all Government servants who are due to retire within the next fifteen months of that date.

B. Intimation to the Directorate of Estates regarding issue of "No Demand Certificate"- As per Rule 55, complete details regarding the Government accommodation are required to be obtained from the Government servant at least one year before retirement and send these details, within 10 days to the Directorate of Estates for issuing a 'No demand certificate' in respect of the period preceding eight months of the retirement of the Government servant. If the Government servant is/was not in occupation of any residential accommodation, HOO shall issue the 'No Demand Certificate' on the basis of a declaration from the Government servant in this regard and after verification of the records and no separate 'No Demand Certificate' from the Directorate of Estates shall be necessary in such cases.

C. Preparation for processing of pension case- Elaborate procedure has been laid down in Rules 56 and 57 for preparatory work for processing of pension case on superannuation during the period of one year before retirement. This includes verification of service, making good the omissions, imperfections or deficiencies in the service book. In order to ensure that the emoluments during the last ten months of service have been correctly shown in the service book, the Head of Office shall verify the correctness of emoluments only for the period of twenty-four months preceding the date of retirement of a Government servant, and not for any period prior to that date.

At least, eight months prior to the date of retirement of the Government servant, the HOO shall furnish to the retiring Government servant a certificate regarding the length of qualifying service and the emoluments/average emoluments to be reckoned for retirement gratuity and pension and advise the retiring Government servant to submit/fill the required pension Forms .

The Government servant shall submit the completed Forms not later than six months prior to his date of retirement.

D. Completion of pension case.-Detailed procedure for completion of pension papers (i.e. Form 7) by the HOO has been laid down in Rule 59 and 60. The HOO is required to send the pension case to the Pay & Accounts Office with a covering letter in Format 10, within two months from the date of receipt of pension forms from the Government servant.

E. Authorisation of pension and gratuity by the Accounts Officer- On receipt of pension case the Accounts Officer shall apply the requisite checks and issue the pension payment order not later than two months in advance of the date of the retirement of a Government servant on attaining the age of superannuation. The Accounts Officer shall indicate in the PPO, the name of the spouse of the Government servant, if alive, as family pensioner. The names of the permanently disabled child or children and dependent parents and disabled siblings Accounts Officer shall also be indicated in the PPO, the as family pensioners, if there is no other member of family to whom family pension may become payable before such disabled child or children or dependent parents or disabled siblings.

F. Issue of Special Seal of Authority and disbursement of pension- The Accounts Officer shall forward a copy of the Pension Payment Order to the Central Pension Accounting Office, within two months from the date of receipt of pension papers from the HOO. The CPAO shall issue the Special Seal of Authority and forward the same to the Pension Disbursing Authority along with the copy of the Pension Payment Order within twenty one days from the date of receipt of the Pension Payment Order. The Pension Disbursing Authority shall thereafter take action to disburse the pension to the retired Government servant on the date on which it becomes due.

3. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding timelines for processing of a pension under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(अशोक कुमार सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन: 23310108

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.-11/(15)/2022-पी&पीडब्ल्यू(एच)-8363(2)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

8वीं मंजिल 'बी' विंग, जनपथ भवन
जनपथ, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 28 अक्टूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: (i) ऐसा सरकारी कर्मचारी जो किसी शारीरिक या मानसिक कमजोरी के कारण पेंशन प्ररूप जमा करने की स्थिति में नहीं है, और (ii) ऐसा सरकारी कर्मचारी जिसकी मृत्यु सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्ररूप
जमा किए बिना हो जाती है, की बाबत पेंशन/कुटुंब पेंशन के प्राधिकृत करने की प्रक्रिया।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 57(3)(क) और नियम 58 के अनुसार, जहां कार्यालय अध्यक्ष का यह समाधान हो जाए कि किसी शारीरिक या मानसिक कमजोरी के कारण सरकारी कर्मचारी, जो अधिवर्षिता पर या अन्यथा सेवानिवृत्त होता है, पेंशन प्ररूपों को प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं है, कार्यालय अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी के पतिमें अनुपस्थिति की पत्नी/पति या पत्नी/, सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र कुटुंब के सदस्य को प्ररूप की करने प्रस्तुत 6 प्ररूप और 4 भी कोई का कुटुंब लिए के करने प्राप्त पेंशन कुटुंब पर होने मृत्यु की कर्मचारी सरकारी यदि सकेगा। दे अनुज्ञा है नहीं पात्र सदस्य, तो कुटुंब के उस सदस्य को, जिसके पक्ष में सरकारी कर्मचारी द्वारा उपदान के भुगतान के लिए नामनिर्देशन किया गया था, उक्त प्ररूपों को प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञा दी जा सकेगी। जहां उक्त प्ररूप पतिहै जाते किए प्रस्तुत द्वारा सदस्य अन्य किसी के कुटुंब या पत्नी/ं, सरकारी कर्मचारी तब तक पेंशन के प्रतिशत को संराशीकृत कराने के लाभ का हकदार नहीं होगा जब तक केंद्रीय सिविल सेवा का पेंशन) (संराशीकरण, नियमावली करता। नहीं आवदेन स्वयं वह में बाद लिए के संराशीकरण ऐसे अनुसार के 1981

3. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 80(5) के साथ पठित नियम 59(2) के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी, जिसकी सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्ररूप जमा किए बिना ही मृत्यु हो जाती है, की बाबत पेंशन, उपदान और कुटुंब पेंशन प्राधिकृत करने के मामलों पर निम्नलिखित तरीके से कार्रवाई की जाएगी:

(1) कार्यालय अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर मृत सरकारी कर्मचारी के पतिपत्नी/, पतिपर होने न के पत्नी/, कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए कुटुंब के किसी अन्य पात्र सदस्य को प्ररूप कर जमा बचनबंध को बैंक में 9 फॉर्मेट और दावा में 10 प्ररूप साथ के 4ने की अनुज्ञा देगा। यदि सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर कुटुंब का कोई सदस्य कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है, तो कुटुंब का ऐसा सदस्य जिसके पक्ष में सरकारी कर्मचारी द्वारा उपदान के संदाय के लिए नामनिर्देशन किया गया था, को प्ररूप स्थान के 10पर प्ररूप जाएगी दी अनुज्ञा की करने जमा 6 होगा। देना विवरण का खाते बैंक अपने में 6 प्ररूप को सदस्य उक्त के कुटुंब और

(2) कार्यालय अध्यक्ष मृत सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की बाबत पेंशन और सेवानिवृत्ति उपदान के संदाय के लिए प्ररूप मामला उक्त कि दर्शाएगा भी को आशय इस में 7 प्ररूप वह और भरेगा को 7 ऐसे सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी से संबंधित है, जिसने अपनी मृत्यु से पूर्व प्ररूप 6 और अन्य दस्तावेज जमा नहीं किए थे और यदि कुटुंब पेंशन के लिए प्ररूप गया किया प्रस्तुत दावा कोई में 10 है, तो कार्यालय अध्यक्ष कुटुंब के पात्र सदस्य को कुटुंब पेंशन प्राधिकृत करने के लिए फॉर्मेट में 13 करेगा। जारी भी पत्र संस्वीकृति एक

(3) कार्यालय अध्यक्ष, यथास्थिति, प्ररूप 4, प्ररूप 7, प्ररूप 10 प्ररूप या 6, फॉर्मेट और 9 13 फॉर्मेट(यदि लागू होपेंशन को अधिकारी लेखा साथ के पत्र अग्रेषण एक में 10 फॉर्मेट को (, सेवानिवृत्ति उपदान और कुटुंब पेंशन ,हो लागू यदि ,प्राधिकृत करने के लिए भेजेगा।

(4) लेखा अधिकारी पेंशन संदाय आदेश के भाग-II में पेंशन, सेवानिवृत्ति उपदान और कुटुंब पेंशन को सदस्य उस के कुटुंब को अध्यक्ष कार्यालय वह और करेगा प्राधिकृत को (हो लागू यदि), जिसको कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, को सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद की तारीख से मृत्यु की तारीख तक की अवधि के लिए पेंशन के बकायों का संदाय करने के लिए भी प्राधिकृत करेगा। यदि कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए कुटुंब का कोई सदस्य पात्र नहीं है, तो पेंशन के बकायों का संदाय कुटुंब के उस सदस्य को किया जाएगा जिसे सेवानिवृत्ति उपदान प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

(5) यदि कुटुंब के किसी सदस्य को कुटुंब पेंशन प्राधिकृत की गई है, तो लेखा अधिकारी, विशेष प्राधिकार मुहर जारी करने और कुटुंब पेंशन के संवितरण के लिए फॉर्मेट के बचनबंध को बैंक में 9 एक की आदेश संदाय पेंशन साथप्रति केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय को अग्रेषित करेगा।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि (i) ऐसा सरकारी कर्मचारी जो किसी शारीरिक या मानसिक कमजोरी के कारण पेंशन प्ररूप जमा करने की स्थिति में नहीं है, और (ii) ऐसा सरकारी कर्मचारी जिसकी मृत्यु सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्ररूप जमा किए बिना हो जाती है, की बाबत पेंशन/कुटुंब पेंशन के प्राधिकृत करने की प्रक्रिया से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालयों/विभागों और उनके अधीन संलग्न/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(अशोक कुमार सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन: 23310108

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन(मानक सूची के अनुसार)

सं. 11(15)/2022-P&PW(H)-8363 (2)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

8वीं मंजिल 'बी' विंग, जनपथ भवन
जनपथ, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 28 अक्टूबर, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Sub: Processing of cases for authorisation of pension/family pension in respect of (i) a Government servant who is not in a position to submit the pension forms on account of any bodily or mental infirmity, and (ii) a Government servant who dies after retirement without having submitted the pension forms.

The undersigned is directed to say that Department of Pension & Pensioners Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.

2. In accordance with Rule 57(3)(a) and Rule 58 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021, where the Head of Office is satisfied that a Government servant, who retires on superannuation or otherwise, is not in a position to submit the pension forms on account of any bodily or mental infirmity, he may allow the spouse of the Government servant or, in the absence of the spouse, the member of the family eligible to receive family pension on death of Government servant, to submit Form 4 and Form 6. If there is no member of the family eligible to receive family pension on death of Government servant, a member of the family in whose favour a nomination was made by the Government servant for payment of gratuity, may be allowed to submit the said Forms. In cases where the forms are submitted by the spouse or any other member of the family, the Government servant shall not be entitled to the benefit of commutation of a percentage of pension until he himself subsequently applies for such commutation in accordance with the Central Civil Services (Commutation of Pension) Rules, 1981.

3. In accordance with Rule 59(2) read with Rule 80(5) of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021, the case for authorisation of pension, gratuity and family pension in respect of a Government servant, who has died after retirement without submission of pension forms, is required to be processed in the following manner:

(1) The Head of Office shall allow the spouse of the deceased Government servant or, in the absence of the spouse, any other member of the family eligible to receive family pension on death of Government servant to submit the claim in Form 10 along with Form 4 and an undertaking to the Bank in Format 9. If there is no member of the family eligible to receive family pension on death of Government servant, a member of the family in whose favour a nomination was made by the Government servant for payment of gratuity, shall be allowed to submit Form 6 in place of Form 10 and the said member of the family shall indicate, the details of his or her Bank Account in Form 6.

(2) The Head of Office shall fill up Form 7 for payment of pension and retirement gratuity in respect of the deceased retired Government servant and he shall also make an indication in Form 7 to the effect that the case pertains to a retired Government

servant, who did not submit Form 6 and other documents before his death and if a claim for family pension has been submitted in Form 10, the Head of Office shall also issue a sanction in Format 13 for authorisation of family pension to the eligible member of the family.

(3) The Head of Office shall send Form 4, Form 7, Form 10 or Form 6, as the case may be, Format 9 and Format 13 (if applicable) with a forwarding letter in Format 10 to the Accounts Officer for authorisation of pension, retirement gratuity and family pension, if applicable.

(4) The Accounts Officer shall authorise the pension, retirement gratuity and family pension (if applicable) in Part-II of the Pension Payment Order and he shall also authorise the Head of Office to make payment of arrears of pension for the period from the date following the date of retirement up to the date of death to the member of the family who is authorised to receive family pension. If there is no member of the family eligible to receive family pension, the arrears of pension shall be paid to the member of the family who has been authorised to receive retirement gratuity.

(5) If a family pension has been authorised to a member of the family, the Accounts Officer shall forward a copy of the Pension Payment Order along with the undertaking to the Bank in Format 9 to the Central Pension Accounting Office, for issuing a Special Seal of Authority and for disbursement of family pension.

4. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding processing of cases for authorisation of pension/family pension in respect of (i) a Government servant who is not in a position to submit the pension forms on account of any bodily or mental infirmity, and (ii) a Government servant who dies after retirement without having submitted the pension forms, may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(अशोक कुमार सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन: 23310108

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.- 57/03/2022-पी&पीडब्लू(बी)/8361(1)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन, मार्किट,

नई दिल्ली, दिनांक: 28 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारी की मृत्यु होने पर कुटुंब के लिए हकदारी- के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों और उपदान की मंजूरी को प्रशासित करने के लिए क्रमशः केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 और केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है, जो भारत के राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 का नियम 20 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों की हकदारी का प्रावधान करता है। नियम 20 के अनुसार, किसी अभिदाता की मृत्यु होने पर, जिसने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 या केंद्रीय सिविल सेवा(असाधारण पेंशन) नियमावली के अंतर्गत हितलाभ प्राप्त करने के लिए विकल्प का प्रयोग किया था या जिसके मामले केंद्रीय सिविल सेवानियमावली (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन), 2021 के नियम 10 के अधीन डिफाल्ट विकल्प है, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली के अनुसार हितलाभों के संवितरण के लिए कार्यालयाध्यक्ष द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। तथापि, यदि सरकारी सेवा के कारण मृत्यु होती है, तो उन नियमों के अंतर्गत हितलाभों की मंजूरी की सभी शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन केंद्रीय सिविल सेवा(असाधारण पेंशन) नियमावली के अनुसार हितलाभों के संवितरण के लिए कार्यालयाध्यक्ष द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

3. यदि अभिदाता की मृत्यु होने पर, केंद्रीय सिविल सेवा(असाधारण पेंशन) नियमावली या केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली के अंतर्गत कुटुंब को हितलाभ देय हैं, तो अभिदाता के संचित पेंशन कॉर्पस में सरकार का अंशदान और उस पर प्रतिलाभ, सरकार के खाते में अंतरित किया जाएगा। शेष संचित पेंशन कॉर्पस का एकमुश्त भुगतान उस व्यक्ति/व्यक्तियों को किया जाएगा, जिसके पक्ष में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत निकास और प्रत्याहरण) विनियम, 2015 के अंतर्गत नामनिर्देशन किया गया है। यदि ऐसा कोई नामनिर्देशन नहीं है या यदि किया गया नामनिर्देशन आस्तित्व में नहीं है, तो संचित पेंशन कॉर्पस की शेष राशि का भुगतान विधिक उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को किया जाएगा।

जाटी-

4. अभिदाता की मृत्यु होने की दशा में, जिसने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अधीन हितलाभ प्राप्त करने के विकल्प का प्रयोग किया था या जिसके मामले में केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 के नियम 10 के अधीन डिफाल्ट विकल्प है; ऐसे हितलाभ पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत निकास और प्रत्याहरण) विनियम, 2015 के अनुसार दिए जा सकेंगे।

5. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए सरकारी कर्मचारियों की सेवा के दौरान मृत्यु होने की दशा में, और जिसके मामले में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत संचित पेंशन कॉर्पस से हितलाभ लिया गया है, ऐसे मृतक सरकारी कर्मचारी के परिवार के सदस्य केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियमावली, 2021 के नियम 22 के अनुसार मृत्यु उपदान का भी पात्र होगा। मृत्यु उपदान के लिए नियमों में दी गयी दर निम्नानुसार है:

क्रम सं.	अर्हक सेवा की अवधि	मृत्यु उपदान की दर
(i)	एक वर्ष से न्यून	परिलब्धियों का दोगुना
(ii)	एक वर्ष या अधिक किन्तु पांच वर्ष से न्यून	परिलब्धियों का छह गुना
(iii)	पांच वर्ष या अधिक किन्तु ग्यारह वर्ष से न्यून	परिलब्धियों का बारह गुना
(iv)	ग्यारह वर्ष या अधिक किन्तु बीस वर्ष से न्यून	परिलब्धियों का बीस गुना
(v)	बीस वर्ष या अधिक	अर्हक सेवा की पूरी की गई प्रत्येक छमाही अवधि के लिए परिलब्धियों का आधा, किन्तु अधिकतम परिलब्धियों के तैंतीस गुने के अधीन रहते हुए

इस नियम के अधीन संदेय मृत्यु उपदान की अधिकतम रकम किसी भी दशा में बीस लाख रुपये से अधिक नहीं होगी।

6. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारियों की हकदारी से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन मामलों का निपटान करने वाले कार्मिकों तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संज्ञान में लाएं।

सिन्हा

(एस. चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन,
(मानक सूची के अनुसार)

No. - 57/03/2022-P&PW(B)/8361 (1)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***

3rd Floor, Lok Nayak Bhavan, Khan Market,
New Delhi, Dated the 28th October, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Entitlement for family on death of a Central Government servant covered under National Pension System -reg.

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Implementation of National Pension System) Rules, 2021 and Central Civil Services (Payment of Gratuity under National Pension System) Rules, 2021 which are applicable from the date of its publication in the Official Gazette, to govern service related matters and for grant of gratuity respectively to Central Government civil employees covered under National Pension System.

2. Rule 20 of the Central Civil Services (Implementation of NPS) Rules, 2021 provides for the entitlement of family members on death of a Central Government covered under National Pension System. As per rule 20, on death of a Subscriber, who had exercised option or in whose case the default option under rule 10 of the CCS(Implementation of NPS) Rules, 2021 is for availing benefits under the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 or Central Civil Services (Extraordinary Pension) Rules , further action will be taken by the Head of Office for disbursement of benefits in accordance with the Central Civil Services (Pension) Rules. However, if the death is attributable to Government service, further action will be taken by the Head of Office for disbursement of benefits in accordance with the Central Civil Services (Extraordinary Pension) Rules subject to fulfillment of all the conditions for grant of benefits under those rules.

3. If on death of the Subscriber, benefits are payable to the family under the Central Civil Services (Extraordinary Pension) Rules or the Central Civil Services (Pension) Rules, the Government contribution and returns thereon in the accumulated pension corpus of the Subscriber shall be transferred to Government account. The remaining accumulated pension corpus shall be paid in lump sum to the person(s) in whose favour a nomination has been made under the Pension Fund Regulatory and Development Authority (Exits and Withdrawals under National Pension System) Regulations, 2015. If there is no such nomination or if the nomination made does not subsist, the amount of remaining accumulated pension corpus shall be paid to the legal heir(s).

Contd.

4. In the case of death of a Subscriber who had exercised option or in whose case the default option under rule 10 of the CCS(Implementation of NPS) Rules, 2021 is for availing benefits under the National Pension System, such benefits may be granted in accordance with the Pension Fund Regulatory and Development Authority (Exits and Withdrawals under National Pension System) Regulations, 2015.

5. In the event of death of Government employees covered under NPS during service, and in whose case benefits from accumulated pension corpus under NPS have been availed, family member of such deceased Government employee would also be eligible for death gratuity in accordance with rule 22 of the Central Civil Services (Payment of Gratuity under NPS) Rules, 2021. The rates provided in the rules for death gratuity is as under:

Sl. No.	Length of qualifying service	Rate of death gratuity
(i)	Less than one year	Two times of emoluments.
(ii)	One year or more but less than five years	Six times of emoluments
(iii)	Five years or more but less than eleven years	Twelve times of emoluments
(iv)	Eleven years or more but less than twenty years	Twenty times of emoluments
(v)	Twenty years or more	Half of emoluments for every completed six monthly period of qualifying service subject to a maximum of thirty three times of emoluments:

The maximum amount of death gratuity payable under this rule shall in no case exceed twenty lakh rupees.

6. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding entitlement in respect to Central Government employees covered under National Pension System may be brought to the notice of the Government servants covered under NPS and personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(S. Chakrabarti)
Under Secretary to the Government of India

To

All Ministries/Departments/Organisations,
(As per standard list)

सं. 57/03/2022-पी&पीडब्ल्यू(बी)/8361(2)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 28 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को अशक्तता या निःशक्तता के कारण सेवा मुक्ति होने पर हकदारी से संबंधित।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के सेवा से संबंधित मामलों को शासित करने और उपदान की मंजूरी के लिए क्रमशः केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 और केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के उपदान का संदाय) नियमावली, 2021, को अधिसूचित किया है, जो भारत के राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियम, 2021 के नियम 16 और 17 में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारी की अशक्तता या निःशक्तता के कारण सेवा मुक्ति होने पर हकदारी का प्रावधान है। इन नियमों के नियम 16 में यह प्रावधान है कि यदि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किया गया कोई अभिदाता, ऐसे मामले में, जहां दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के धारा के 20 उपबंध लागू नहीं हैं, किसी शारीरिक या मानसिक दुर्बलता जो उसे स्थायी रूप से सेवा के लिए अक्षम करती है, के कारण सेवा से सेवानिवृत होने का इच्छुक है, वह अशक्तता सेवानिवृत्ति पर हितलाभों के लिए विभागाध्यक्ष को आवेदन कर सकेगा। अशक्तता पर सेवानिवृत्ति के हितलाभों के लिए अभिदाता के पति/पत्नी द्वारा भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा, ऐसा न होने पर अभिदाता के परिवार के किसी सदस्य द्वारा प्रस्तुत आवेदन भी स्वीकृत किया जा सकेगा, यदि विभागाध्यक्ष का यह समाधान हो जाता है कि अभिदाता शारीरिक या मानसिक दुर्बलता के कारण ऐसा आवेदन स्वयं प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं है।

3. कार्यालयाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष आवेदन की अभिप्राप्ति होने के पंद्रह दिनों के भीतर, निर्दिष्ट चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा ऐसे अनुरोध की अभिप्राप्ति के तीस दिनों के भीतर अभिदाता की जांच के लिए अनुरोध करेगा। चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जांच के लिए अनुरोध करने वाले पत्र की एक प्रति अभिदाता को पृष्ठांकित की जाएगी।

4. अभिदाता उस प्राधिकारी द्वारा निर्धारित तारीख पर चिकित्सा परीक्षण के लिए संबंधित चिकित्सा प्राधिकरी के समक्ष उपस्थित होगा। चिकित्सा प्राधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए जांच करेगा कि अभिदाता आगे की सेवा के लिए योग्य है या नहीं या फिर वह जिस कार्य में कार्यरत है, उससे कम श्रम वाले कार्य के लिए, आगे की सेवा के लिए योग्य है।

5. सेवा के लिए अक्षमता का कोई चिकित्सा प्रमाणपत्र तब तक प्रदान नहीं किया जा सकेगा जब तक कि चिकित्सा प्राधिकारी को अभिदाता की चिकित्सा परीक्षा के लिए उसके कार्यालय के कार्यालयाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष से अनुरोध न मिला हो।

